FORM - III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी {राजस्व}, श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

जसवीर कौर **बनाम** राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार श्रीकरणपुर
अन्तर्गत धारा 88 आरटीए, प्रकरण संख्या 336 सन् 2025
जी.सी.एम.एस. नम्बर 2025/480

तामिल हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.10.2025	प्रार्थी जसवीर कौर पत्नी त्रिलोचन सिंह जाति सैनी निवासी 23 एच तहसील श्रीकरणपुर के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में तहसीलदार श्रीकरणपुर के पंत्राक 2693 दिनांक 27.10.2025 से रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण राजस्थान काश्तकारी अधिनियम-1955 की धारा 88 व भू-राजस्व अधिनियम-1956 की धारा 136 में दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी को सुना गया व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र व रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर का अध्ययन किया। प्रार्थी की बहस को सुनते हुए संगत विधिक प्रावधानों का अध्ययन किया। पत्रावली तथा इसके साथ प्रस्तुत दस्तावेजात यथा राजस्व ग्राम 23 एच, पटवार हल्का दलपतसिंहपुर, भू.अ.नि. क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 10/7 की प्रति, Declatation under Section 6(1) की प्रति के अवलोकन से स्पष्ट है, कि प्रार्थी के द्वारा राजस्व ग्राम 23 एच, पटवार हल्का दलपतसिंहपुर, भू.अ.नि. क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 10/7 में क्रम संख्या 2 पर अंकित रहन हिस्सा 1265/6323 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा श्रीकरणपुर के स्थान पर रहन हिस्सा 1265/6323 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा धनूर दर्ज करवाने बाबत निवेदन किया गया है। रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर के मुताबिक चक 23 एच के खाता संख्या 10 में जसवीर कौर पत्नी त्रिलोचन सिंह जाति सैनी हिस्सा 1265/6323 नामान्तरण संख्या 442 द्वारा पीएनबी शाखा धनूर के पक्ष में रहन दर्ज किया जाना था। परन्तु सहवन से पीएनबी बैंक की शाखा धनूर के स्थान पर करणपुर दर्ज हो गया है। बैंक शाखा धनूर किया जाना उचित है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात, के अनुसार भली-भांति साबित होने पर स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 23 एच, पटवार हल्का दलपतसिंहपुर, भू.अ.नि. क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 10/7 में क्रम संख्या 2 पर अंकित रहन हिस्सा 1265/6323 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा श्रीकरणपुर के स्थान पर रहन हिस्सा 1265/6323 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा धनूर दर्ज किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खाता के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे। पर्चा डिक्री इस आशय का जारी हो। पर्चा डिक्री की एक प्रति तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/ लेख भण्डार जमा हो। सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)	

अधिकारी (राजस्व)

अंतिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई

{ऑर्डर 20, रूल 6-7, जाब्ता दीवानी}
(Civil Procedure Code, Appendix "D-1")

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी {राजस्व} मुकाम श्रीकरणपुर
ब इजलास श्री श्योराम (आर.ए.एस.)

जसवीर कौर बनाम राजस्थान सरकार आदि
धारा अन्तर्गत 88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट मुकदमा नम्बर **336/2025**
निर्णय दिनांक :- 28.10.2025

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी **वादी स्वंय** पेश होने पर आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है किः- प्रार्थना पत्र प्रार्थी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात, के अनुसार भली-भांति साबित होने पर स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 23 एच, पटवार हल्का दलपतसिंहपुर, भू.अ.नि. क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 10/7 में क्रम संख्या 2 पर अंकित रहन हिस्सा 1265/6323 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा श्रीकरणपुर के स्थान पर रहन हिस्सा 1265/6323 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा धनूर दर्ज किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खाता के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे।

आज दिनांक 28.10.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

{श्योराम} (आर.ए.एस.)
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

मुददई	रूपया	पैसा	मुदायली	रूपया	पैसा
स्टाम्प अरजीदावा	02	00	स्टाम्प वकालतनामा	00	00
स्टाम्प वकालतनामा	00	00	स्टाम्प अरजी	00	--
स्टाम्प ड्यूटी	00	00	मेहनताना वकील पर	00	--
योग	02	**00**	**योग**	**00**	**00**

{श्योराम} (आर.ए.एस.)
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

क्रमांकः रीडर/ 2025/799 दिनांकः 28.10.2025

प्रतिलिपिः तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ भेजकर लेख है कि उक्त डिक्री की नियमानुसार पालना कर, पालना रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में भिजवाना सुनिश्चित करे।

{श्योराम} (आर.ए.एस.)
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर